जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र. / एफ / अका. / पाठ्यक्रम / 2013 / 778 दिनांक 01/7/13

प्रति,

अंतिम स्मरण पत्र

1. प्राचार्य / प्राचार्या
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
2. विभागाध्यक्ष,
   समस्त अध्ययनशाला
   जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय :– अध्ययनमण्डल के गठन हेतु कार्यरत शिक्षकों की जानकारी देने बाबत्।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के प्रथम पत्र क्र. / अका. / पाठ्यक्रम / 2013 / 459 दिनांक 22.04.2013 एवं द्वितीय स्मरण पत्र क्र. / अका. / पाठ्यक्रम / 2013 / 601 दिनांक 31.05.2013 के क्रम में निवेदन है कि आपके महाविद्यालय / अध्ययनशाला में कार्यरत शिक्षकों की जानकारी आज तक अप्राप्त है।

अतः आपसे अंतिम निवेदन है कि प्रकरण में अपनी व्यक्तिगत रूचि लेकर महाविद्यालय / अध्ययनशाला में कार्यरत विभागाध्यक्ष की जानकारी प्रपत्र क्रमांक 01 पर एवं अन्य शिक्षकों की विषयवार जानकारी प्रपत्र क्रमांक 02 पर भेजने की व्यवस्था करें।

इस संबंध में यह भी निवेदन है कि केवल उन्हीं शिक्षकों की जानकारी प्रेषित की जावे जो नियमित रूप से कार्यरत हैं। नये शिक्षकों के कार्यपरिषद द्वारा 28(17) की अनुमोदन की प्रति अवश्य लगाई जावे।

उक्त चाही गई जानकारी 10 जुलाई, 2013 तक अवश्य रूप से भेजने की व्यवस्था करें 10 जुलाई, 2013 के पश्चात प्राप्त हुई जानकारी पर विचार नही किया जायेगा।

जानकारी के अभाव में यदि किसी विभागाध्यक्ष / शिक्षक का मनोनयन अध्ययनमण्डल में नहीं होता है तो इसका उत्तरदायित्व विश्वविद्यालय का नहीं होगा।

भवदीय

कुलसचिव